CENTRE FOR CIVIL SOCIETY

BOARD OF TRUSTEES
Gurcharan Das
Ashish Dhawan
Arun Duggal
Adit Jain
Premila Nazareth
Ajay Narottam Shah
Parth J Shah
O P Vaish

BOARD OF SCHOLARS
Isher Judge Ahluwalia
Swaminathan Aiyar
Jagdish Bhagwati
Surjit S. Bhalla
Meghnad Desai
Deepak Lal
Shreekant Gupta
Kirit Parikh
Urjit Patel
Nirvikar Singh
Suresh Tendulkar
Leland B. Yeager

D 125, Mahaveer Marg, Ambabari, Jaipur - 302012
ccs@ccs.in www.ccs.in
www.jeevika.org

प्रेस रीलिज

सवांददाता सम्मेलन : 28 सितम्बर, मंगलवार दोपहर 1.30 बजे, पिंकसिटी प्रेस क्लब, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर

विशाल रैली, प्रदर्शन व मुख्यमंत्री घेरावः
दिनांकः 30 सितम्बर प्रातः 11 बजे गीता आश्रम, सोडाला से स्टेचु सर्किल तक

श्रीमान् मुख्य सम्पादक महोदय,

जयपुर तथा पूरे राजस्थान के थडी–ठेला, फुटपाथ दुकानदार रैली निकाल कर विशाल प्रदर्शन करेंगे तथा मुख्यमंत्री का घेराव 30 सितम्बर, गुरूवार को करेंगे। सेन्टर फोर सिविल सोसायटी द्वारा राज्य भर में जीविका अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न मंचो व कार्यक्रमों द्वारा राज्य के फुटपाथ दुकानदारों के लिए कानून बनाकर जल्द से जल्द लागू करने की मांग की जा रही है।

गुरूवार 30 सितम्बर को जयपुर शहर के समस्त थडी–ठेला फुटपाथ व्यवसायी फल सब्जी विक्रेता अपना कारोबार बंद रख कर एक विशाल रैली निकाल कर प्रदर्शन करेंगे तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन देंगे। यह जानकारी आज पिंकसिटी प्रेस क्लब, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में थडी–ठेला फुटपाथ व्यवसायियों के नेताओं ने दी।

अभियान के संयोजक **श्री अमित चन्द जी** ने बताया कि राज्य में 2005 में फुटपाथ निती बनाई गयी थी जो 2007 में लागू भी की गई परन्तु इसे आज तक राज्य में लागू नहीं किया गया है। इसलिए अब एक कानून बनाना आवश्यक हो गया है। प्रधानमंत्री **श्री मनमोहन सिंह जी** ने भी अगस्त, 2009 में मुख्यमंत्री महोदय को कानून लागू करने के संदर्भ में पत्र लिख चुके है परन्तु अभी तक कोई परिणाम नहीं निकल पाए है।

सवांददाता सम्मेलन में जयपुर महानगर थडी–ठेला, फुटपाथ व्यवसायी संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्री नाथूसिंह राठौड़, जयपुर महानगर थडी–ठेला फुटपाथ व्यवसायी यूनियन के घनश्याम कोतवानी, हैरिटेज सिटी थडी–ठेला यूनियन के बनवारी लाल शर्मा, भारतीय थडी–ठेला मजदूर विकास परिषद के ओमप्रकाश छीपा, नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के रंजीत अभिज्ञान, सेल्फ एम्प्लॉएड वुमन एसोसिएशन (सेवा) की रहीमा व हैनीमेन चेरिटेबल मिशन सोसायटी (एचसीएमएस) की अर्चना श्रीवास्तव व अनेक यूनियनों के प्रतिनिधी उपस्थित थे। कार्यक्रम में व्यवसायीयों के वरिष्ठ नेता श्री परमानन्द सालोदिया भी उपस्थित थे।

इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए अभियान के संयोजक श्री अमित चन्द से मो. नं. 09784258630 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय

Amit Chandra
अमित चन्द